अरूण कुमार गुप्ता,
भा.पु.से.
**Arun Kumar Gupta**
I.P.S.

पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0।
1 तिलक मार्ग, लखनऊ-226001

DIRECTOR GENERAL OF POLICE
U.P.
1, Tilak Marg, Lucknow - 226001

दिनांकः जनवरी 20, 2015

प्रिय महोदय,

कृपया इस मुख्यालय के डी0जी0 परिपत्र संख्याः 35/2011 दिनांक 3.11. 2011, परिपत्र संख्याः 37/2011 दिनांक 24.11.2011, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः एडीजी-07/2013 दिनांक 20.8.2013 तथा डी0जी0 परिपत्र संख्याः 03/2015 दिनांक 13.1.2015 का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें जनता को प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पारदर्शी एवं निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु जनहित गारण्टी अधिनियम-2011 के अन्तर्गत नागरिक अधिकार पत्र (सिटीजन चार्टर) सभी जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उ0प्र0, समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0 एवं समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0 को क्रियान्वयन हेतु प्रेषित किया गया है। नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं को समय अवधि में निस्तारित कराये जाने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है कि 03-04 जनपदों के लिए एक अपर पुलिस महानिदेशक स्तर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये जो अपने आवंटित जनपदों में 02 माह में एक बार भ्रमण करेंगे तथा निम्नांकित एजेण्डा बिन्दुओं पर जनपदीय कार्यवाहियों की समीक्षा करेंगे। नोडल अधिकारी का निर्धारण पदनाम से किया जा रहा है यथा- जो भी अधिकारी उक्त पद पर नियुक्त रहेंगे, वह आवंटित जनपद के सम्बन्ध में कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय पर आख्या प्रस्तुत करेंगे। इस प्रक्रिया में नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी जनपद भ्रमण के दौरान जनपदीय स्तर पर प्रस्तुत की गई सूचनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु नगर क्षेत्र के एक थाना तथा ग्रामीण क्षेत्र के एक थाने का निरीक्षण कर एजेण्डा बिन्दुओं के बारे में की गई कार्यवाही की बारीकी से समीक्षा करेंगे।

2. भ्रमण उपरान्त नोडल अधिकारी दिये गये एजेण्डा बिन्दुओं पर Objective Assessment करेंगे तथा अपनी समीक्षात्मक आख्या भ्रमण पूर्ण करने के 03 दिवस में इस मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे। इसके अतिरिक्त समस्त नोडल अधिकारी इस मुख्यालय द्वारा निर्गत डीजी परिपत्र संख्याः 03/2015 दिनांक 13.1.2015 में दिये गये निर्देशों की अनुपालन की गुणवत्ता की भी समीक्षा करेंगे। इसके साथ-ही साथ नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता एवं समयबद्धता में सुधार लाने के लिए उठाये जाने वाले कदम के संबंध में बहुमूल्य सुझाव से भी

इस मुख्यालय को अवगत करायेंगे। मुख्यालय पर पूर्व से निर्धारित पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, लोक शिकायत, उ0प्र0 समस्त आख्याओं का परिशीलन कर अपने अभिमत सहित मेरे अवलोकनार्थ प्रस्तुत करेंगे।

1. नोडल अधिकारी के समीक्षा हेतु एजेण्डा बिन्दुः-

| क्रमांक | नागरिक सेवायें | निस्तारण के लिए निर्धारित समयावधि | प्राप्त प्रकरणों की संख्या (समीक्षा तिथि से एक वर्ष पूर्व की) | निर्धारित समयावधि में निस्तारित प्रकरणों की संख्या | निर्धारित समयावधि के उपरान्त निस्तारित प्रकरणों की संख्या | कुल निस्तारित प्रकरणों की संख्या | निस्तारण का प्रतिशत | निर्धारित समयावधि में निस्तारित न हो पाने का मुख्य कारण। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | आप्रकृतिक मृत्यु/दैविक आपदा में मृत्यु पर कार्यवाही। | तत्काल | | | | | | |
| 2. | खोये/पाये वस्तुओं की सूचना के संबंध में कार्यवाही। | तत्काल | | | | | | |
| 3. | गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में कार्यवाही। | तत्काल | | | | | | |
| 4. | शस्त्र लाइसेंस हेतु आवेदन पत्र की जांच। | 20 दिवस | | | | | | |
| 5. | पासपोर्ट सत्यापन। | 07 दिवस | | | | | | |
| 6. | चरित्र सत्यापन(पीवीआर, एमवीआर,प्रा0वी0आर0 आदि)। | 07 दिवस | | | | | | |
| 7. | चरित्र सत्यापन(ठेकेदारों हेतु)। | 10 दिवस | | | | | | |
| 8. | शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण हेतु प्रार्थनापत्र की जांच। | 07 दिवस | | | | | | |
| 9. | पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य सम्बन्धित अभिलेखों की प्रमाणित प्रति दिया जाना। | 05 दिवस | | | | | | |
| 10. | चालान (34, पुलिस एक्ट )। | 24 घंटे | | | | | | |
| 11. | पटाखों के लाइसेंस के लिए अनापत्ति/संस्तुति। | 10 दिवस | | | | | | |
| 12. | अग्निशमन द्वारा एन0ओ0सी0। | 15 दिवस सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए | | | | | | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पण्डाल हेतु 02 कार्य दिवस के अंदर निर्णय लेना होगा) | | | | | | | |
| 13. | अग्नि से हुई क्षति के आंकलन की आख्या | 07 दिवस | | | | | | | |
| 14. | प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम-2005 | 15 दिवस | | | | | | | |

3. उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निम्न बिन्दुओं पर भी नोडल अधिकारी समीक्षा करेंगे:-

2. निर्माणाधीन भवनों की समीक्षा तथा निर्मित भवनों के हस्तान्तरण की समीक्षा।
3. समाधान दिवस पर हुई कार्यवाही की समीक्षा।
4. विभिन्न स्तर से निर्गत स्थानान्तरण आदेशों के अनुपालन की समीक्षा।
5. आपरेशन स्माइल में अब तक हुई कार्यवाहियों की समीक्षा।
6. ट्रैफिक के सुधार के दृष्टिगत कृत कार्यवाहियों की समग्र समीक्षा। विशेषकर ट्रैफिक कर्मियों की कमी की पूर्ति करने की कार्यवाहियां।
7. कण्ट्रोल रूम की दक्षता (Efficiency) की समीक्षा तथा रिस्पांस टाइम हेतु किये गये मॉक ड्रिल की कार्यवाहियों की समीक्षा।
8. दंगा नियंत्रण योजना को अद्यावधिक किये जाने की कार्यवाहियों की समीक्षा तथा दंगा नियंत्रण योजना के रिहर्सल की समीक्षा।
9. बीट व्यवस्था लागू किये जाने की दिशा में की गई कार्यवाहियां।
10. साप्ताहिक परेड की गुणवत्ता की समीक्षा।
11. अर्दली रूम की कार्यवाही की गुणवत्ता की समीक्षा।
12. सैनिक सम्मेलन की कार्यवाही की समीक्षा।

4. यह भी निर्देशित किया जाता है कि प्रथम चरण में नामित नोडल अधिकारीगण दिनांक 28 एवं 29.1.2015 को उनको आवंटित किये गये कार्यक्षेत्र में से कम से कम 02 जनपदों का भ्रमण करते हुए अपना **'आब्जर्वेशन/फीड बैक'** दिनांक 30-01-2015 को समय 1200 बजे मुख्यालय पुलिस महानिदेशक स्थित नवीन सभागार में आयोजित की जाने वाली बैठक में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे।

5. इसके उपरान्त उक्त परिपत्र में निहित निर्देशों का अनुपालन समयबद्ध एवं नियमित रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

6. अतः मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराकर जन समस्याओं का प्रभावी ढंग से समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नकः

1. नोडल अधिकारीगण एवं उनको आवंटित जनपदों की सूची।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीय,

(अरूण कुमार गुप्ता)

**समस्त नोडल अधिकारी**
उ0प्र0।

प्रतिलिपिः

1. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0 को सूचनार्थ।
2. पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, लोक शिकायत, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0 को सूचनार्थ।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आ0का0 हेतु।
5. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त संबंध में नोडल अधिकारी के आगमन से पूर्व समस्त सूचनाओं को संकलित कर तैयार रखा जाये तथा सम्बन्धित नोडल अधिकारी के जनपद आगमन पर उन्हें उक्त सूचनायें तत्काल प्रस्तुत की जाये।
6. गार्ड फाइल पर रखने हेतु।

--

| क्र0सं0 | परिक्षेत्र | जनपद | नोडल अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | लखनऊ | उन्नाव | अपर पुलिस महानिदेशक, सशस्त्र प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीतापुर |
| | | सीतापुर | |
| | | हरदोई | |
| | | खीरी | |
| 2. | लखनऊ/फैजाबाद | लखनऊ | अपर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध संगठन, उ0प्र0 |
| | | बाराबंकी | |
| | | फैजाबाद | |
| | | सुलतानपुर | |
| 3. | लखनऊ/फैजाबाद/इलाहाबाद | अमेठी | अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष जॉच प्रकोष्ठ, उ0प्र0 |
| | | रायबरेली | |
| | | प्रतापगढ़ | |
| | | अम्बेडकरनगर | |
| 4. | कानपुर | कानपुर नगर | अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष अनुसंधान दल, उ0प्र0 |
| | | कानपुर देहात | |
| | | इटावा | |
| | | कन्नौज | |
| 5. | कानपुर/झॉसी | औरैया | अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आवास निगम, उ0प0 |
| | | झॉसी | |
| | | जालौन | |
| | | ललितपुर | |
| 6. | कानपुर/आगरा/अलीगढ़ | फतेहगढ़ | अपर पुलिस महानिदेशक, रेडियो मुख्यालय, उ0प0 |
| | | फिरोजाबाद | |
| | | मैनपुरी | |
| | | एटा | |
| 7. | आगरा/अलीगढ़ | आगरा | अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उ0प0 |
| | | मथुरा | |
| | | अलीगढ | |
| | | हाथरस | |
| 8. | मेरठ | गौतमबुद्धनगर | अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात, उ0प्र0 |
| | | बुलन्दशहर | |
| | | हापुड़ | |
| | | गाजियाबाद | |
| 9. | मेरठ/सहारनपुर | बागपत | अपर पुलिस महानिदेशक, रूल्स एण्ड मैनुअल, उ0प्र0 |
| | | शामली | |
| | | मुजफ्फरनगर | |
| | | सहारनपुर | |
| 10. | मेरठ/मुरादाबाद | मेरठ | अपर पुलिस महानिदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद |
| | | बिजनौर | |
| | | अमरोहा | |
| | | सम्भल | |
| 11. | मुरादाबाद/अलीगढ़/बरेली | मुरादाबाद | अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद |
| | | रामपुर | |
| | | कासगंज | |
| | | बदायूं | |
| 12. | बरेली | बरेली | अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण मुख्यालय, उ0प्र0 |
| | | शाहजहांपुर | |
| | | पीलीभीत | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | देवीपाटन | गोण्डा | अपरपुलिसमहानिदेशक, पावरकार्पोरेशन, उ0प्र0 |
| | | बहराइच | |
| | | श्रावस्ती | |
| | | बलरामपुर | |
| 14. | बस्ती/गोरखपुर | बस्ती | अपरपुलिसमहानिदेशक, तकनीकीसेवायें,उ0प्र0 |
| | | सिद्धार्थनगर | |
| | | संतकबीरनगर | |
| | | महाराजगंज | |
| 15. | गोरखपुर/आजमगढ़ | गोरखपुर | अपरपुलिसमहानिदेशक, भ्रष्टाचारनिवारणसंगठन, उ0प्र0 |
| | | देवरिया | |
| | | कुशीनगर | |
| | | मऊ | |
| 16. | आजमगढ़/वाराणसी | आजमगढ़ | अपरपुलिसमहानिदेशक, सहकारिताप्रकोष्ठ, उ0प्र0 |
| | | बलिया | |
| | | गाजीपुर | |
| | | जौनपुर | |
| 17. | वाराणसी/मिर्जापुर | वाराणसी | अपरपुलिसमहानिदेशक, होमगार्ड, उ0प्र0 |
| | | चन्दौली | |
| | | मिर्जापुर | |
| | | सोनभद्र | |
| 18. | इलाहाबाद/मिर्जापुर | इलाहाबाद | अपरपुलिसमहानिदेशक, भवन एवंकल्याण, उत्तरप्रदेशपुलिसमुख्यालय,इलाहाबाद |
| | | फतेहपुर | |
| | | कौशाम्बी | |
| | | भदोही | |
| 19. | चित्रकूटधाम | बाँदा | अपरपुलिसमहानिदेशक, मानवाधिकार, उ0प्र0 |
| | | चित्रकूट | |
| | | हमीरपुर | |
| | | महोबा | |